गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

सं.: न दि/गेल/सेक्ट./2020

03.06.2020

लिस्टिंग विभाग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाज़ा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400 051	लिस्टिंग विभाग, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड फ्लोर 1, फिरोज़ जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400001

प्रिय महोदय,

कृपया "ईईएसएल और गेल ने ट्राइजेनेरेशन परियोजनाओं के लिए समझौता ज्ञापन" संबंधी प्रेस विज्ञप्ति की प्रति संलग्न है।

कृपया उपर्युक्त आपकी सूचना एवं रिकार्ड के लिए है।

धन्यवाद,
भवदीय,

(ए. के. झा)
कंपनी सचिव

संलग्न : उपर्युक्त के अनुसार

प्रति:

ड्यूश बैंक ए जी, फिलिआले मुंबई
टीएसएस एंड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंज़िल
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स
मुम्बई-400051

ध्यानाकर्षण : सुश्री अपर्णा सालुंके

सीआईएन/CIN
L40200DL1984GOI018976
www.gailonline.com

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

ईईएसएल और गेल ने ट्राइजेनेरेशन परियोजनाओं के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली, 03 जून, 2020 : गेल (इंडिया) लिमिटेड और एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) ने भारत में ट्राइजेनरेशन परियोजनाओं के विकास में सहयोग के लिए आज नई दिल्ली में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

समझौता ज्ञापन का उद्देश्य दोनों कंपनियों के बीच संयुक्त रूप से भारत में ट्राइजेनरेशन बिजनेस सेगमेंट में व्यापार के अवसरों की खोज करके आपसी रणनीतिक साझेदारी बनानी है। इस समझौता ज्ञापन के तहत, गेल और ईईएसएल संयुक्त रूप से अध्ययन करेंगे और व्यवहार्य पाए जाने पर गेल और ईईएसएल के बीच 50 – 50 प्रतिशत की हिस्सेदारी से ट्राइजेनेरेशन परियोजनाओं के निष्पादन हेतु संयुक्त उद्यम का गठन किया जाएगा। श्री शांतनु रॉय, कार्यकारी निदेशक (व्यापार विकास और परियोजना विकास) ने गेल की ओर से तथा श्री अमित कुमार कौशिक, कार्यकारी निदेशक (रणनीतिक विकास) ने ईएसएसएल की ओर से श्री मनोज जैन सी एंड एमडी - गेल और श्री सौरभ कुमार, एमडी – ईईएसएल की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

ट्राइजेनरेशन या कम्बाइंड कूलिंग, हीट एंड पावर (CCHP) में आमतौर पर बिजली पैदा करने के लिए प्राकृतिक गैस से चलने वाले जनरेटर शामिल होते हैं। फ्लू गैस से अपशिष्ट ऊष्मा गर्म पानी / वाष्प का उत्पादन करने के लिए प्राप्त की जाती है जो बाद में ताप प्रयोजनों तथा कूलिंग हेतु ऑब्जर्प्सन चिल्लर्स में भी उपयोग की जाती है।

हस्ताक्षर समारोह के दौरान, श्री मनोज जैन ने कहा, *“भारत में विशेष रूप से लघु औद्योगिक और वाणिज्यिक क्षेत्रों और कार्यालय भवनों में ट्राइजेनरेशन परियोजनाओं के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार संभावना है। चूंकि ट्राइजेनरेशन व्यवसाय प्रारंभिक चरण में है, उक्त सहयोग गेल के सिटी गैस व्यवसाय के समान ही ट्राइजेनरेशन व्यवसाय में बेहतर लाभ लेने में सक्षम होगा। इसके अलावा, यह नए अनुप्रयोगों में गैस के उपयोग को भी बढावा देगा जो गेल की रणनीति 2030 के अनुरूप है। तदनुसार, गेल और ईईएसएल के बीच रणनीतिक साझेदारी दोनों कंपनियों के लिए लाभदायक है।*

श्री सौरभ कुमार, प्रबंध निदेशक, ईईएसएल ने कहा, *"ट्राइजेनरेशन प्रौद्योगिकी का संभावित हस्तक्षेप भारत के ऊर्जा क्रांति परिदृश्य में महत्वपूर्ण है। ईईएसएल को गेल के साथ इस क्षमता का दोहन करने की दिशा में प्रयास करने पर गर्व है जो भावी ट्राइजेनरेशन परियोजनाओं के लिए एक मिसाल कायम करेगा। मैं दोनों पक्षों को इस पहल के सफल कार्यान्वियन के लिए शुभकामनाएं देता हूं।*